मध्यप्रदेश के मैहर जिले की S3WaaS आधारित वेबसाइट का शुभारंभ

मध्यप्रदेश के मैहर जिले की S3WaaS आधारित एक नई द्विभाषी हिंदी और अंग्रेजी वेबसाईट https://maihar.nic.in औपचारिक रुप से 11 जुलाई 2024 को लॉन्च की गयी। इसे श्रीमती रानी बाटड, आईएएस, कलेक्टर जिला मैहर के द्वारा लॉन्च किया गया। मैहर, मध्यप्रदेश राज्य का 55 वां एवं रीवा संभाग का 6 वां जिला है।

यह वेबसाइट S3WaaS फ्रेमवर्क पर आधारित है, जो कि GIGW मानक मानदंडो(भारत सरकार की वेबसाइटों के लिये दिशानिर्देश)और मजबूत सुरक्षा मानकों के अनुपालन में उन्नत उपयोगकर्ता-अनुकूल कार्यक्षमता और इंटरफेस प्रदान करती है।

इस वेबसाइट का निर्माण एसआईओ(म.प्र.), एएसआईओ(राज्य), एएसआईओ (जिला) के मार्गदर्शन में जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी, श्रीमती परमीत कौर द्वारा, S3WaaS कोर टीम, नई-दिल्ली एवं श्री प्रदीप अहिरवार, वैज्ञानिक-डी एवं आईडीसी, वेब और क्लाउड सेवा प्रभाग, भोपाल के सहयोग से किया गया है।

मैहर जिले की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सतना. मैहर जिले की अपनी आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ हो गया है। कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशन में डीआईओ परमीत कौर ने इस वेबसाइट को गो-लाइव किया। इस वेबसाइट का पता मैहर.एनआईसी.इन होगा। इस वेबसाइट में मैहर जिले की पूरी जानकारी, प्रशानिक व्यवस्था, पर्यटन स्थल, नोटिस, नागरिक सेवा, योजनाएं, सांख्यिकी, योजनाएं, अस्पताल आदि की जानकारी दी गई है। वेबसाइट एनआईसी डीआईओ ने तैयार की है। एनआईसी की डीआईओ ने बताया कि यह वेबसाइट द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) में है। एस3वास (सिक्योर, स्केलेबल एंड सुगम्य वेबसाइट) प्लेटफार्म पर इसे बनाया गया है। यह वेबसाइट सेवा सरकारी योजनाओं, कार्यों और नागरिक सेवाओं को आमजन तक सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश के समस्त जिलों को राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र के नेशनल डाटा सेंटर के माध्यम से एस3वास प्लेटफार्म पर निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी है।

मैहर आने वाले पर्यटकों और आम जनों के लिए यह वेबसाइट काफी सहायक होगी। जल्द ही इसमें और फीचर जोड़े जाएंगे। इसे और जनुपयोगी बनाया जाएगा।

रानी बाटड,
कलेक्टर मैहर

संकलन: परमीत कौर

जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी
सतना , मध्यप्रदेश